है जग में महिमा भारी लखदातारी की

है जग में महिमा भारी लखदातारी की
गाऊं बार बार महिमा मैं मेरे शीश के दानी की
सांवरे ....सांवरे ....ओ सांवरे

माता का वचन निभाए हारे का साथ दिए
ज़रा भी ना घबराये शीश का दान दिए
अद्भुत बलिदानी देख चकित बनवारी जी
गाऊं बार बार महिमा मैं मेरे शीश के दानी की
सांवरे ....

दर से जाए ना खाली जगत कल्याण करे
घर घर पूजा होती कष्टों का नाश करे
दिया श्याम नाम खुश होकर प्रभु मुरारी जी
गाऊं बार बार महिमा मैं मेरे शीश के दानी की
सांवरे ....

खाटू में आन विराजे दर है पावन प्यारा
दर्शन पाने को आये यहाँ पर जग सारा
पाया है सोनू जिसने अर्ज़ गुज़ारी जी
गाऊं बार बार महिमा मैं मेरे शीश के दानी की
सांवरे ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21704/title/hai-jag-me-mahima-bhari-lakhdatari-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |